Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to establish a centre of ICAR or an Agriculture University in Sriganganagar Parliamentary Constituency, Rajasthan- Laid – Laid

श्री निहाल चन्द चौहान (गंगानगर): मेरा संसदीय क्षेत्र श्रीगंगानगर एक सीमावर्ती और कृषि संपन्न क्षेत्र है, जहां गेहूं, सरसों, चना, मूंग, कपास, किन्नू आदि की बड़ी मात्रा में पैदावार होती है, इसलिए इसे राजस्थान के खाद्यान का कटोरा भी कहा जाता है । इतनी कृषि संपन्नता के बावजूद यहां पर भारतीय कृषि अनुसंधान केंद्र (ICAR) या कृषि विश्वविद्यालय का नही होना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है । माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा किसानों की आय को दोगुना करने और उन्हें कृषि की नई तकनीक उपलब्ध करवाने के लिए बहुत से सराहनीय प्रयास किए जा रहे है ।

इसी कड़ी में मेरा केंद्र सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र श्रीगंगानगर (राजस्थान) में एक भारतीय कृषि अनुसंधान (ICAR) केंद्र या कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना की जाए, ताकि यहां के किसानों को कृषि के नवीनतम अनुसंधानों का लाभ मिल सके और कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना से कृषि विद्यार्थियों को कृषि संकाय की उच्च शिक्षा उपलब्ध हो सके ।